जनपद - संतकबीरनगर   प्रेस विज्ञप्ति   दिनॉक 12.09.2023

आज दिनांक 12.09.2023 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर ***श्री अखिल कुमार*** पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती ***श्री आर0के0 भारद्वाज*** के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में संतकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य–

फरार चल रहे वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 02 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत ***थाना मेहदावल पुलिस*** द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्त नाम पता 1- द्वारपाल, 2- रामप्रसाद पुत्रगण अशरफी निवासीगण मरवटिया थाना मेहदावल जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः- उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार नायक, कां0 आलोक पाल, कां0 सूर्यप्रताप यादव

पीआरवी आफ द डे

***पीआरवी 1498 द्वारा दो पक्षों के विवाद को कराया गया शांत व विवाद मे घायल महिला को भेजवाया गया अस्पताल*–**
पीआरवी 1498 को थाना बेलहरकला क्षेत्रान्तर्गत बेलहरखुर्द से इवेन्ट संख्या 09835 से कालर द्वारा किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद / मारपीट होने से 01 महिला घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर समय से पहुँचकर विवाद को शांत कराकर घटना में घायल महिला को निजी वाहन से अस्पताल भेजवाया गया तथा घटना के संबंध में थाना बेलहरकला को अवगत कराया गया । पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटनास्थल पर समय से पहुँचकर विवाद को शांत कराकर विवाद में घायल महिला को अस्पताल भेजवाकर उसकी जान बचाई गयी, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

पीआरवी स्टाफ – मु0आ0 अश्विनी राज, आ0 संतोष कुमार शुक्ला, हो0चा0 अखिलेश सिंह।

शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) में 04 अभियुक्त गिरफ्तार

- **थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना धर्मसिंहवा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 47 वाहनों से 52,500 रु0 सम्मन शुल्क का चालान किया गया

आज दिनांक 12.09.2023 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 47 वाहनों से 52,500 रु0 सम्मन शुल्क का चालान किया।